# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।

E-Mail :- dfonnagar-forest-uk@nic.in Tel./Fax :- 0135 – 2442052

पत्रांकः– 875 /12-1(2), दिनांक, मुनिकीरेती, 21 /10 /2015

डायरी संख्या 1675
कार्यालय सं० 3310
दिनांक 6/11/15

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0 कीर्तिनगर।

विषय :– जनपद– टिहरी गढवाल में घण्डियालधार से पाण्डव मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.4805 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्वन करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी का पत्र संख्या–463 FP/UK/ROAD/11066/2015 दिनांक 06–08–2015। एवं आपका पत्रांक 2341/33सी0 दिनांक 22–09–2015।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विषयक सन्दर्भित पत्र जो वन संरक्षक भागीरथी वृत्त उत्तराखण्ड मुनिकीरेती को सम्बोधित तथा इस कार्यालय एवं आपको पृष्ठांकित है में भारत सरकार द्वारा कतिपय अधिरोपित शर्तो के अधीन जारी सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत करने का उल्लेख है। दी गयी शर्तो के कम में आपके द्वारा निम्नानुसार अनुपालन किया जाना है तथा इस कार्यालय के पत्र संख्या–703/12–1 (2) दिनांक 01–10–2015 को निम्नानुसार संशोधित समझें।

<u>शर्त संख्या–01.</u> प्रत्यावर्तित भूमि के बदले 2.9610 हे0 ग्राम मोलधार सिविल सोयम भूमि वन प्रभाग के नाम प्रत्यावर्तित करने हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु @ 2,09,366.00 प्रति हे0 की दर से कुल मु0 6,19,933.00 क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावक द्वारा जमा की जानी होगी। दर का निर्धारण प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–596/3–5–2 दिनांक 19–08–2015 के अनुसार निर्धारित किया गया है।

<u>शर्त संख्या–02</u> शर्त संख्या–01 के अनुसार 2.9610 हे0 भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत संरक्षित वन घोषित किया जायेगा व इस भूमि को वन विभाग के पक्ष में नामान्तरित/हस्तान्तरित किया जायेगा तथा इसे 6 माह के अन्तर्गत्त आरक्षित/संरक्षित वन घोषित किया जायेगा। जैसा कि सन्दर्भित पत्र के शर्त संख्या–02 में उल्लेख है।

<u>शर्त संख्या–03</u> शर्त संख्या–02 के अनुपालन में प्रस्तावित स्थल के आस–पास/ मार्ग के दोनो ओर रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु 2.315 किमी0 @ 3,22,102.00 प्रति किमी0 मु0 7,45,666.00 की धनराशि जमा करनी होगी।

<u>शर्त संख्या–04.</u> एन0पी0बी0 के रूप में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 1.4805 हे0 हेतु @ 8,45,000.00 प्रति हे0 की दर से मु0 12,51,023.00 जमा करनी होगी।

<u>शर्त संख्या–05.</u> प्रस्तावक द्वारा निर्देशानुसार कार्यवाही अपेक्षित है।

<u>शर्त संख्या– 06.</u> शर्त सख्या–04 के अनुपालन में प्रयोक्ता द्वारा इस आशय का वचनबद्वता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगें कि सक्षम स्तर से यदि एन0पी0बी0 की दर में बढ़ोत्तरी होती है तो बढ़ी हुई धनराशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा की जायेगी।

<u>शर्त संख्या– 07</u> शर्त संख्या–05 व 06 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उक्त मदो की देय धनराशियो को RTGS के माध्यम से Compensatory Afforestation Fund (CAF) Uttaranchal SB A/C No. 037100101025229 कार्पोरेशन बैंक लोधी शाखा नई दिल्ली में जमा की जायेगी। RTGS हेतु कॉपोरेशन बैंक का IFSC Code CORP0000371, MICR Code 110017007 एवं ब्रॉच कोड 000371 है। विस्तृत जानकारी हेतु सन्दर्भित पत्र का अवलोकन भी करना चाहे।

**शर्त संख्या– 08.** र्शत संख्या–7 के अनुपालन में प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिये जनपद कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू–वैज्ञानिक के सुझावों का कडाई से अुनपालन किया जायेगा इस आशय का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जाना होगा।

**शर्त संख्या– 09.** शर्त सख्या–8 के अनुपालन में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक अभिलेखों/निर्धारित प्रमाण–पत्रों को उपलब्ध कराया जाना है।

**शर्त संख्या– 10.** शर्त सख्या–9 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव में निहित किसी भी निर्धारित शर्त का अनुपालन नही होने अथवा असंतोषजनक अनुपालन होने की स्थिति में राज्य सरकार, पर्यावारण एवं वन विभाग द्वारा स्वीकृति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**शर्त संख्या–12.** मलवा निस्तारण वन भूमि में होने की स्थिति में प्रॉक्कलन अलग से प्रस्तुत किया जावेगा।

अतः उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

(राहुल)
प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।

संख्याः– 875 / 12-1 (2) दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षरण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी देहरादून कार्यालय से दूरभाष पर हुई वार्ता के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– जिलाधिकारी टिहरी गढवाल को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– राजि अधिकारी माणिकनाथ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राहुल)
प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।
21-10-15

L.A.C
05/11/15
5/11